मुख्यमंत्री ने तिफरा फ्लाईओवर ब्रिज का किया लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

25 फरवरी, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य करमा की रंगारंग प्रस्तुति के बीच प्रदेश की न्यायधानी बिलासपुर में 107 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित तिफरा फ्लाईओवर ब्रिज का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- बिलासपुर-रायपुर रोड स्थित तिफरा में नए फ्लाईओवर ब्रिज के बन जाने से महाराणा प्रताप चौक और तिफरा छोर में जाम से मुक्ति मिल जाएगी। रायपुर मार्ग को बिलासपुर शहर से जोड़ने वाले इस ब्रिज से शहरवासियों के साथ-साथ उन तमाम राहगीरों को भी राहत मिलेगी, जो एन.एच. 130 का उपयोग आवागमन के लिये करते हैं।
- तिफरा छोर से स्वर्गीय जमुना प्रसाद वर्मा कॉलेज तक 1620 मीटर की लंबाई में तिफरा फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा किया गया है।
- इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बिलासपुर को व्यापार विहार स्मार्ट रोड और प्लेनेटोरियम की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने बिलासपुर के लालबहादुर शास्त्री मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बिलासपुर शहर और बिलासपुर ज़िले के लिये लगभग 353 करोड़ 56 लाख रुपए की लागत के 97 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।
- बिलासपुर शहर में महाराणा प्रताप चौक से तारबाहर चौक तक बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा लगभग 26 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से व्यवस्थित और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्मार्ट रोड का निर्माण किया गया है।
- संभाग के सबसे बड़े व्यापारिक केंद्र होने की वजह से इस मार्ग में भारी वाहनों का आवागमन हमेशा लगा रहता है, लेकिन पूर्व में इस मार्ग के अव्यवस्थित होने की वजह से हमेशा ट्रैफिक और जाम की समस्या बनी रहती थी। फोरलेन स्मार्ट रोड बन जाने से व्यापार विहार में व्यापारिक परिवहन सहज और सुगम होगा।
- बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा साढ़े तीन एकड़ में 6 करोड़ 77 लाख रुपए की लागत से डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्लेनेटोरियम का निर्माण किया गया है। इस प्लेनेटोरियम में शहरवासियों को दिन में ही आकाशीय नज़ारे के अवलोकन के साथ-साथ विज्ञान तथा खगोलशास्त्र के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी मिलेगी।
- दो सौ लोगों की बैठक क्षमता वाले इस प्लेनेटोरियम में आगंतुकों के लिये फोर के सिंगल टेक्नोलॉजी का प्रोजेक्टर लगाया गया है, इसके अलावा प्लेनेटोरियम परिसर में ऑक्सीजोन का भी निर्माण किया गया है। प्लेनेटोरियम पहुँचने वाले आगंतुकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा पहुँच मार्ग का भी निर्माण किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tifra-flyover-bridge